# B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

## PRE MID TERM EXAMINATION (2026-27)

### HINDI (085) SET – 2

Class : IX — Duration: 1.00 Hrs
Date : 24.07.2026 — Max. Marks: 25
Admission No.: — Roll No.:

---

सामान्य निर्देश:-
1. इस प्रश्न पत्र में पाँच प्रश्न है ।
2. उत्तर यथासंभव क्रमानुसार लिखें ।
3. प्रश्नों के निर्देश ध्यान पूर्वक अवश्य पढ़े ।

---

प्रश्न 1 पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (अंक 5)

हिमपात अपने आप में एक तरह से बर्फ के खंडों का अव्यवस्थित ढंग से गिरना ही था। हमें बताया गया कि ग्लेशियर के बहने से अक्सर बर्फ में हलचल हो जाती थी ,जिससे बड़ी-बड़ी बर्फ की चट्टानें तत्काल गिर जाया करती थी और अन्य कारणों से भी अचानक प्रायः खतरनाक स्थिति धारण कर लेती थी। सीधे धरातल पर दरार पढ़ने का विचार और इस दरार का गहरे चौड़े हिम विदर में बदल जाने का मात्र ख्याल ही बहुत डरावना था। इससे भी ज्यादा भयानक इस बात की जानकारी थी कि हमारे संपूर्ण प्रवास के दौरान हिमपात लगभग एक दर्जन आरोहियों और कुलियों को प्रतिदिन छूता रहेगा।

क) पहाड़ी इलाकों में बर्फ में हलचल का क्या कारण है?

1) भारी तूफान आना
2) ग्लेशियर का बहना
3) अत्यधिक वर्षा होना
4) बर्फ का अव्यवस्थित रूप से गिरना

ख) लेखिका के लिए सबसे भयानक कौन सी बात थी?

1) पर्वतारोहण के दौरान धरती में गहरी और चौड़ी दरार पढ़ने की संभावना
2) पर्वतारोहण के दौरान भोजन की कमी की संभावना
3) पर्वतारोहण के दौरान होने वाला हिमपात
4) पर्वतारोहण के स्थगित होने की संभावना

ग) लेखिका के लिए क्या डरावना था ?

1) बर्फ में हलचल होना
2) ऊँचाई पर चढ़ने का विचार
3) वर्षा का सामना करना
4) धरातल पर दरार पड़ने की संभावना

घ) निम्नलिखित कथन A तथा कारण R को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन A: बड़ी-बड़ी बर्फ की चट्टानें तत्काल गिर जाया करती थी और अचानक प्रायः खतरनाक स्थिति धारण कर लेती थी।

कारण R : ग्लेशियर के बहाने से अक्सर बर्फ में हलचल हो जाती थी।

1) कथन A तथा कारण R दोनों गलत हैं।

2) कथन A गलत है तथा कारण R सही है

3) कथन A सही है तथा कारण R उसकी गलत व्याख्या करता है।

4) कथन Aतथा कारणRदोनों सही हैं तथा कारण R कथनAकी सही व्याख्या करता है।

ड.) हिमपात क्या है?

1) धरती पर दरार पड़ जाना।

2) चट्टानों का तत्काल गिरना ।

3) ग्लेशियर का निरंतर बहना ।

4) बर्फ के खंडों का अव्यवस्थित ढंग से गिरना।

प्रश्न 2 निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (अंक 5)

1) निपात का एक उदाहरण लिखिए |

2) वाक्य में निपात का कार्य स्पष्ट कीजिए |

3) प्रभात प्रतिदिन विद्यालय नहीं जाता है। (विधानवाचक वाक्य बनाइए)

4) वाह ! कितना सुंदर दृश्य है | ( वाक्य का भेद बताइए।)

5) स्त्रियाँ का सम्मान होता है | ( निषेध वाचक वाक्य बनाइए)

प्रश्न 3 निम्न प्रश्नों के उत्तर 15 से 20 शब्दों में लिखिए - (अंक 4)

1) हिमपात किस तरह होता है ? उससे क्या क्या परिवर्तन आते हैं ?

2) अपनी संपत्ति कब सहायक बनती है?

प्रश्न 4 निम्न प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में दीजिए - (अंक6)

1) रहीमदास जी ने सागर की अपेक्षा पंक जल को धन्य क्यों कहा है ?

2) हमें अपना दुख दूसरों से क्यों नहीं प्रकट करना चाहिए? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए |

प्रश्न 5 पिताजी से अपनी गलती की क्षमा माँगते हुए पत्र लिखिए | (अंक 5)

======================== समाप्त ========================